### खबर संक्षेप



## सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे हादसे को दे रहा न्यौता

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा से उमरियापान मार्ग पर खिरवा पोंड़ी और ढीमरखेड़ा से खमतरा मार्ग पर झिंना पिपरिया गांव के पहले में मुख्य मार्ग पर गड्ढा होने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। मुख्य सड़क पर दोनों स्थानों पर जानलेवा गहरा गड्ढा होने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने सड़क पर गड्ढा होने की जानकारी अधिकारियों को दी। सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने रुचि नहीं ली। सड़क पर बने ये गड्ढे गहरे है।यह मार्ग दिन रात चलता हैं।बारिश के चलते गड्ढे दिखते नहीं है,ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन में खतरा बना रहता है। गड्ढों के कारण मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन चालकों को ज्यादा दिक्कत होती है।सुधार न होने से गड्ढों का आकार बढ़ता जा रहा है।

## 5.25 करोड़ से बनेगा नया पंचायत भवन

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा में जनपद पंचायत के लिए नया भवन बनेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल ने भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रयासों से यह स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायत के नए भवन में आधुनिक तकनीकी सुविधाएं होंगी। इससे सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन आसान होगा। पंचायत की कार्यप्रणाली पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। अभी पुराने जनपद भवन की हालत खराब है।खण्डहर में तब्दील भवन के विभिन्न कमरों में पानी टपकता है।लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है।अभी शिक्षा विभाग की बिल्डिंग में जनपद पंचायत चल रही है। नया भवन बनने के बाद अधिकारी-कर्मचारियों के बैठने की बेहतर व्यवस्था के साथ ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले हजारों लोगों उसका फायदा मिलेगा। जनपद पंचायत भवन निर्माण के लिए 2 एकड़ भूमि अनिवार्य है। इसके लिए जमीन चिन्हित की जा रही है। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि नया भवन शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बनेगा। इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## कल निकलेगी रैली

**कटनी।** अध्यापक शिक्षक संवर्ग के द्वारा 13 जुलाई को शिक्षकों के सम्मान मे शिक्षक स्वाभिमान रैली निकलेगा। जिलाध्यक्ष सुशील दुबे ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के सभी जिलों मे शिक्षक स्वाभिमान रैली निकाली जाएगी। कटनी जिला में भी ई -अटेंडेंस के विरोध मे एवं अध्यापक शिक्षक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना के साथ पेंशन केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर को लेकर शिक्षक स्वाभिमान रैली निकाली जाएगी। सभी शिक्षकों से इस रैली मे पहुंचने की अपील की है।

### बहोरीबंद विधानसभा की ग्राम पंचायतों को विधायक ने प्रदान किये फायर फाइटर टैंकर

# आधुनिक तकनीक से लैस टैंकरों से अग्नि हादसों में बचाव के साथ पेयजल समस्या का भी होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद




गर्मी के मौसम में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के साथ ही पेयजल समस्या के समाधान के लिए बहोरीबंद क्षेत्र की पंचायतों को आधुनिक तकनीक से लैस फायर फाइटर टेंकर विधायक प्रणय पांडेय द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। बहोरीबंद विधानसभा की 27 ग्राम पंचायतों को फायर फाइटर टेंकर प्रदान किये गये। पहले चरण मे 9, दूसरे चरण में 5 ग्राम पंचायतों को फायर फाइटर टेंकर प्रदान किये गए थे। वहीं तीसरे चरण मे शुक्रवार को 9 ग्राम पंचायत कैना, सिमरापटी, रूढ़मूड़, सैदा, कुम्हरवारा, बड़ागांव, बकलेहटा वसुधा, बचैया, बरयारपुर, अमगवां को विधायक निधि से पानी के टैंकर (फायर फाइटर) प्रदान किए हैं। यह महत्वपूर्ण कदम क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्याओं को कम करने तथा अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया ।

विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि इन टैंकरों की मदद से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति में जल आपूर्ति का कार्य तेजी से किया जा सकेगा। खासकर गर्मियों के मौसम में जल संकट की स्थिति को देखते हुए यह टैंकर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगे। साथ ही, आग लगने की स्थिति में फायर फाइटर टैंकर के रूप में यह वाहनों का इस्तेमाल किया जा सकेगा, जिससे किसी भी दुर्घटना या आपदा में समय पर कार्रवाई संभव होगी। एक फायर फाइटर टेंकर की क़ीमत 2 लाख 80 हजार रूपये है।

इस अवसर पर मंडल के जनप्रतिनिधि, पंचायत सरपंच एवं क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने विधायक की इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि यह कदम क्षेत्र की विकास प्रक्रिया को गति देगा तथा ग्रामीण जनता को बेहतर सेवा मुहैया कराएगा। विधायक प्रणय पांडेय ने पंचायतों के प्रतिनिधियों को टैंकर सौंपते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य करने को कहा।

### आधुनिक तकनीक से हैं लैस

फायर फाइटर टेंकर मे जल संकट से निजात दिलाने के साथ-साथ आग जैसी आपात स्थितियों में बचाव के संसाधन भी उपलब्ध है। फायर फाइटर टेंकर मे पानी की उपलब्धता के लिए मशीन संयंत्र लगा हुआ है, जो किसी भी तालाब, जलाशय ओर नदी से पानी खींचकर टेंकर मे भरा जा सकता है। साथ ही आगजनी की घटना पर तुरंत उक्त स्थल पहुंचकर आग पर काबू पाने का काम करेगा! यह पहल स्थानीय प्रशासन और जनता के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने वाली साबित होगी।

### आपात स्थितियों में मिलेगी राहत

ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों के प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा के महत्व को देखते हुए इस तरह की सुविधाएं बेहद आवश्यक हैं। टैंकरों के माध्यम से जल वितरण तंत्र मजबूत होगा, जिससे कृषि, घरेलू और आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करना आसान होगा।

इस दौरान दीनदयाल अंत्योदय समिति अध्यक्ष ओमकार मिश्रा,जनपद सदस्य प्रकाश गुप्ता, प्रवीण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित पुरी गोस्वामी, सरपंच दिलीप वाजपेयी, राहुल कोरी, सुखचैन चक्रवर्ती, मनीष मिश्रा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतो के सरपंच -सचिव उपस्थित रहे।



# शिवालयों मे गूंजे हर हर महादेव के जयकारे,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

पवित्र सावन माह की शुरुआत के साथ ही शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारे गुंजायमान होने लगे हैं। शास्त्रों में सावन का महीना भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए शुभ एवं फलदायी माना गया है। सावन मास के सोमवार और श्रावण मास की शिवरात्रि बहुत ही विशिष्ट और शुभ फलदायक होती है। सावन मास शुरू होते ही शुक्रवार को शिवालयो मे भक्तों ने पहुंचकर ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर खुश हाली की कामना की।

स्लीमनाबाद स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर ओर बाबा गढ़ धाम मे अखंड रामचरित मानस पाठ विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ, जो पूरे सावन मास चलेगा। पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि इस बार सावन के पहले सोमवार को आयुष्मान योग बन रहा है। इस दिन गणेश चतुर्थी भी है, इसलिए गणेश जी की भी विशेष पूजा होगी। सावन के हर सोमवार को शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। सावन में शिव के मदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन -कीर्तन और विशेष पूजन किया जाता है। पहले सोमवार को कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि है। इस दिन नक्षत्र धनिष्ठा है और योग आयुष्मान है। इस दिन भद्रा का साया नहीं है। द्रिक पंचांग के अनुसार भद्रा रात को ही 1 बजकर 2 मिनट तक खत्म हो जाएगी क्योंकि भगवान शिव की अराधना प्रदोष काल में की जाती है।

### जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में देखा व सुना गया वर्चुअली कार्यक्रम

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को दिए ढाई ढाई लाख रूपए के स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शहरी विकास के क्षेत्र से जुड़े अग्रणी उद्यमियों, विषय विशेषज्ञों एवं माननीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को इन्दौर में आयोजित मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 अन्तर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अन्तर्गत नवीन आवासों के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम कटनी के मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक की गरिमामई उपस्थिति तथा हितग्राही एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में वर्चुअली कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा निरंतर गरीबों के कल्याण का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार एवं राज्य सरकार के माध्यम से संचालित जनहितकारी योजनाओं से हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। उन्होंने लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए उनके स्वयं की पक्की छत का सपना साकार होने की बधाई दी तथा सभी को मिलकर एक अच्छी कॉलोनी विकसित करने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण किए जाने का आग्रह किया गया।

नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के द्वितीय चरण के 209 हितग्राहियों के खाते में 2.50-2.50 लाख रूपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण के पूर्ण आवासों के 208 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू शिब्बू, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

### विद्यार्थियों को पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने किया प्रेरित



पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति मुदित लटोरिया तथा विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री जैन ने संयुक्त कलेक्टर श्रीमती लटोरिया का स्वागत हरित पौधा देकर किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस आयोजन पर जो भी पौधा लगाएं, उसकी पूरी सुरक्षा अवशिय करें। वहीं प्राचार्य श्री जैन ने भी विद्यार्थियों को विद्यालय तथा अपने आस–पास मे हरियाली बढ़ाने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय की स्काउट गाइड प्रभारी, एनसीसी के कैडेट्स और बाकी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने भी भाग लिया। साथ ही विद्यालय की ईको क्लब प्रभारी अंशिका कुशवाहा ने इस कार्यक्रम का कार्यभार संभाला। इस दौरान विद्यालय में गायत्री परिवार के सदस्य जगदीश सिंह भदोरिया, महेंद्र कुमार खरे, लोकेन्द्र सिंह, सीएल साहू, शैलेश सोलंकी, नीति सोलंकी, ज्योति श्रीवास्तव महिला मंडल कार्यवाहक भी उपस्थित रहे।

# बैठक में अनुपस्थित 5 अधिकारी कर्मचारियों को शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को सीएम हेल्पलाईन, बाढ़ आपदा, ई-केवायसी एवं अन्य विषयों पर आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले व देर से आने वाले 5 अधिकारी कर्मचारियों को उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। श्री गुप्ता द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में लेख किया गया है कि शुक्रवार को 11.00 बजे से नगर निगम कार्यालय के मेयर-इन-काउंसिल हॉल में बाढ़ आपदा, ई-केवायसी, सीएम हेल्पलाईन एवं अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसकी सूचना सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को ग्रुप के माध्यम से प्रेषित कराई गई थी, बैठक की सूचना होने के बावजूद भी बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण संबंधित अधिकारी कर्मचारी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ई-केवायसी की समीक्षा नहीं हो सकी। सभी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक लवकुश तिवारी, समयपाल जलप्रदाय अशोक गर्ग एवं महेंद्र उपाध्याय को कारण बताओ नोटिस हुआ है। वहीं विलंब से बैठक में उपस्थित होने के कारण सहायक सामुदायिक विकास संगठक सनद विश्वकर्मा को भी शोकाज नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

# राशन दुकान में भरा गंदा पानी, कीचड़ से बढ़ी फिसलन, गिरते बचे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी









नगरीय सीमा क्षेत्र में साफ सफाई के दावे तो बहुत किये जाते हैं लेकिन कई क्षेत्रों एवं स्थानों में कीचड़ और गंदगी के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड की शासकीय उचित मूल्य की दुकान रानी दुर्गावती महिला प्र. उप. भंडार के सामने साफ सफाई नहीं होने से गंदगी बजबजा रही है। हल्की बारिश में ही गंदा पानी दुकान के अंदर घुस जाता है जिससे न सिर्फ दुकान संचालक एवं कर्मचारियों को परेशानी होती है बल्कि यहां खाद्यान्न लेने पहुंचने वाले हितग्राहियों को भी हादसे का डर बना रहता है।

राशन दुकान संचालक केशव कुशवाहा का कहना है कि इस समस्या के बारे में मेरे द्वारा कई बार वार्ड पार्षद को बताया गया लेकिन आज तक न तो साफ सफाई कराई गई और न ही पानी की निकासी की व्यवस्था दुरूस्त कराई गई। राशन दुकान के सामने गंदगी से न सिर्फ दुर्गंध बनी रहती है बल्कि कीचड़ की वजह से फिसलन बढ़ जाती है जिससे कई बार लोग फिसलकर गिर भी पड़ते हैं। विक्रेता ने बताया कि इस बार शासन द्वारा तीन माह का एक मुश्त खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है जिससे हितग्राहियों की भीड़ दिन भर बनी रहती है। रोजाना हो रही बारिश के चलते दुकान के अंदर गंदा पानी घुस जाता है जिससे खाद्यान्न सामग्री भी बर्बाद हो जाती है। खाद्यान्न लेने पहुंचे हितग्राहियों का कहना था कि जल निकासी एवं सफाई की व्यवस्था नहीं होने से घंटो फजीहत होती है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला अस्पताल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जनसंख्या के बढ़ते दुष्प्रभावों एवं नियंत्रण के लिए योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस जिला चिकित्सालय कटनी में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाती जैन एवं सोसायटी द्वारा मनाया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी उन्मूलन, मातृ स्वास्थ्य और मानवाधिकारों सहित बढ़ती जनसंख्या से संबंधित प्रमुख चिंताओं पर जागरूकता बढ़ाना तथा जनसंख्या नियंत्रण के लिए भी सभी को जागरूक करना है।

कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। डॉक्टर सुनीता वर्मा एवं डॉ उमा निगम ने बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी की अध्यक्ष डॉक्टर हर्षिता गुप्ता ने कहा कि जनसंख्या बढ़ने का मतलब है अधिक भोजन, पानी, आवास, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, परिवहन और बहुत कुछ की मांग में वृद्धि और यह सब उपभोग पारिस्थितिकी क्षरण, बढ़ते संघर्षों और महामारी जैसी बड़े पैमाने की आपदाओ के जोखिम को बढ़ाएगा।

सोसाइटी सचिव डॉक्टर स्वाति जैन ने किस तरीके से जनसंख्या नियंत्रित की जा सकती है। इस पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए शिक्षा और जागरूकता, परिवार नियोजन, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, महिलाओं का सशक्तिकरण एवं कानूनी उपाय जिसमें विवाह की उम्र बढ़ाना एवं परिवार नियोजन को प्रोत्साहन देना शामिल है जिसके तहत सरकार के द्वारा भी जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए काफी प्रयास किया जा रहे हैं जैसे कि जिला चिकित्सालय में प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार निशुल्क नसबंदी ऑपरेशन किए जाते हैं। नसबंदी कराने पर लाभार्थी एवं प्रेरक दोनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाती है गर्भनिरोधक गोलियां एवं निरोध निशुल्क उपलब्ध है कार्यक्रम के अंत में सभी मरीजों और उनके परिजनों को पौधा प्रदान किया गया एवं जनसंख्या नियंत्रण के माध्यम से प्रकृति का ख्याल रखने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में डॉ सुनीता वर्मा डॉ उमा निगम डॉ मनीषा साहू डॉ नरेंद्र झमनानी डॉ आरती सोंधिया डॉ सीमा शिवहरे डॉ मनीष मिश्रा डॉ आर्यन तिवारी के अलावा चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं मरीज तथा उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

# शिष्यों ने किया गुरु पूजन, संतों का आशीर्वाद लेने उमड़ी हजारों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान




गुरुपूर्णिमा का पर्व गुरुवार को उमरियापान क्षेत्र में श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। भरभरा आश्रम में संत बनवारी दास का आशीर्वाद देने हजारों की संख्या में शिष्य पहुंचे। संत महाराज के दर्शन के लिए लंबी कतार लगी रही। शिष्यों ने संत के दर्शन कर आशीष प्राप्त किया। आश्रम पहुंचे श्रद्धालुओं और शिष्यों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। लोढ़ा पहाड़ सिद्धन धाम में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाल संत श्रीसीताशरण जू महाराज एवं महंत सीताराम शरण जू महाराज के दर्शन प्राप्त कर पुण्य लाभ लिया। शैलवारा में भी संत के दर्शन कर भक्तों ने पुण्य लाभ लिया। तिघरा के निकुंज धाम हनुमान मंदिर में पंडित अमित शास्त्री का आशीर्वाद लेने भक्तों की भीड़ रही।

इस मौके पर कई भक्तों ने गुरु दीक्षा भी ली। भगवान और गुरुपूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया गया। संगीतमय कार्यक्रम शाम तक जारी रहा। हरदी कुटी में भी सन्त कौशिल्या दास महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया।भक्तों ने संत महाराज का पूजन कर आशीष लिया। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य मंदिरों और आश्रमों में पहुंचकर शिष्यों ने गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. राय परिवार ने सिंधी समाज को मर्चुरी फ्रीजर किया दान

**दमोह।** नेत्र रोग विशेषज्ञ व सर्जन डॉ.राकेश राय, डॉ. सुधा राय एवं मुकेश राय परिवार ने सिंधी धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शव को अंतिम संस्कार के पूर्व सुरक्षित रखने के लिए एक मर्चुरी फ्रीजर अपने पिता स्व. रज्जू राय एवं माता स्व. मालती राय की स्मृति में सिंधी समाज को दान किया, इस मौके पर आशा राय, प्रीतम चौकसे, निशा राय, डॉ. प्रहलाद पटेल, डॉ. संजीव सिंघई, डॉ. डीएम संगतानी, प्रेम शंकर राय, अनिल कोटवानी, हरीश राय तथा शहर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

### कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन

**दमोह।** गुरू पूर्णिमा महाउत्सव के अवसर पर ग्राम तिदौनी में स्व.श्री कामरेट मूलचंद सिद्बबाबा सेवा समिति द्वारा कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया एवं समिति द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष खेमचंद अहिरवार, सुन्दर उपाध्यक्ष, अच्छेलाल सचिव, हरप्रसाद, शंकरलाल, दयाराम, पुरूषोत्तम, तुला दादा, मंगल, छोटेलाल, आशाराम बाबा, श्री प्रेमचंद, उमेश, राजकुमार, लक्ष्मी बाई, धनश्याम एवं समस्त ग्रामवासियों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ गुरू पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया।

### 496.5 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 496.5 मि.मी. अर्थात 19.5 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 284.8 मि.मी. अर्थात 11.2 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 211.7 मि.मी. अर्थात 8.3 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह में 635.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 635.0 मि.मी., हटा 478.9 मि.मी., जबेरा में 563.0 मि.मी. पथरिया 509.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 477.8 मि.मी, बटियागढ़ 432.0 मि.मी. तथा पटेरा में 380.0 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत 8.9 मि.मी. अर्थात 0.7 इंच वर्षा दर्ज की गई है। औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### लोक निर्माण मंत्री तेंदूखेड़ा होते हुए जबलपुर पहुँचेगें

**दमोह।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह 12 जून को सायं 5 बजकर 15 मिनिट पर सागर से चलकर व्हाया रहली, तेंदूखेड़ा, पाटन होते हुए रात्रि 9 बजे जबलपुर पहुँचेगें।

---

संभागायुक्त सागर संभाग ने परिचयात्मक बैठक में समीक्षा के दौरान दिये अहम दिशा निर्देश

# एंटी स्नेक वेनम, रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकियां, पाइपलाइन फिल्टर प्लांट आदि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हो विभाग सुनिश्चित करें। यदि कार्य में विलंब या लापरवाही हो रही है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। शासन की मंशा के अनुरूप समय पर योजना पूरी हो, लोगों को पेयजल आपूर्ति सुगम रूप से मिले। पंचायत में जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाएं, प्रचार-प्रसार जागरूकता के लिए ही चलाया जा रहा हैं और इसकी मॉनीटरिंग भी की जाए। इस आशय के निर्देश संभागायुक्त सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने जिले के भ्रमण के दौरान कलेक्टर कार्यालय में प्रथम परिचयात्मक बैठक में विभागों की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक के पूर्व संभागायुक्त श्री सुचारी ने सेवा निवृत्त हुये अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीओ, कमला नेहरू महाविद्यालय की छात्राओं को लर्निग लायसेंस वितरित किये। संभागायुक्त श्री सुचारी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा पाइप लाइन आदि के कार्य हो जाने के बाद सड़क रेस्ट्रोरेशन का कार्य सुनिश्चित कराया जाए और इसका प्रमाण पत्र भी लिया जाए। उन्होंने हैंडपंप के प्लेटफार्म के संबंध में जानकारी ली, कहा सभी जगह प्लेटफार्म सुनिश्चित हो ताकि पेयजल दूषित ना हो। बैठक के दौरान बताया गया कि सभी जगह जहां पर प्लेटफॉर्म है जहां टूट फूट गये वहां पर प्लेटफार्म बनाने का कार्य किया जा रहा है। संभागायुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उर्वरकों खाद बीज दवा आदि की उपलब्धता और भंडारण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा उर्वरकों दवा खाद बीज की सैंपलिंग की जाए। यदि कहीं अमानक पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध एफआरईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने कृषि अधिकारियों से कहा कि फील्ड का अमला गांव में लगातार भ्रमण करें, किसानों से मिले और उन्हें जागरूक करें, नई तकनीक से अवगत कराये, उनकी समस्याएं जो है उन्हें दूर करें। यह भी हिदायत दी एक्सटेंशन ऑफिसर्स की टूर डायरी चेक करें। बैठक के दौरान दमोह में जैविक हॉट के संबंध में जानकारी दी गई, बताया गया कि प्रति सप्ताह किसान रविवार के दिन अपने उत्पाद लेकर आ रहे हैं, जैविक उत्पादों की यहां पर मांग भी है, सभी किसान जैविक उत्पाद कर रहे हैं, इनका प्रमाणन भी कराया जा रहा है। संभागायुक्त ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा शिक्षक समय पर स्कूल जाएं, इसकी सतत मॉनिटरिंग हो। उन्होंने कहा विशेष कर कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए किया जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया साप्ताहिक और मासिक टेस्ट भी लिए जा रहे हैं, प्रबल और प्रखर वर्ग पर भी काम किया जा रहा है, के बारे में भी अवगत कराया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने कहा कि एएनएम हेल्थ वर्कर सभी गांव में पहुंचे और स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के कर्मचारियों में बेहतर समन्वय हो, किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग हो, सतत समीक्षा हो। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा भ्रमण करें, ब्लॉक स्तर पर समीक्षा की जाए, इससे अच्छा रिजल्ट आएगा। सभी कर्मचारी अपने निर्धारित मुख्यालय पर रहे। संभागायुक्त ने कहा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला अस्पताल, सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। एंटी स्नेक वेनम रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में सभी जगह उपलब्ध रहे। साथ ही यह भी कहा कि टीकाकरण निर्धारित दिवसों पर हो और स्वास्थ्य केद्रों, अस्पतालों में डॉक्टर समय पर जाएं और मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार रहे। उन्होंने कहा आंगनबाड़ी समय पर खुलें, सुपरवाइजर अपने निर्धारित मुख्यालयों पर रहें उनकी डायरी भी समय-समय पर चेक की जाए, सुपरवाइजर का उसके निर्धारित क्षेत्र में सतत भ्रमण होते रहें स्वास्थ्य और महिला बाल विकास का कोआर्डिनेशन बेहतर रहे। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आपदा प्रबंधन के संबंध में पुल-पुलियों, वर्षा की स्थिति आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया पंचायत निर्वाचन के तहत जिले में पेपर लेस निर्वाचन होना हैं। इस संबंध में भी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूरी जानकारी रखी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले में हो रही दुर्घटनाओं के संबंध में बताया कि मैनिट कॉलेज भोपाल से टीम आई थी, वह उसका अध्ययन कर रही हैं, जो कमियां बताई जाएंगी, उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में सतधरू डेम से पानी पहुचाने की कार्ययोजना तैयार कर भोपाल भेजी गई है, शीघ्र ही कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटनाएं कम या नून हो उस पर काम किया जाएगा। ब्लैक स्पॉट चिन्हित थे, टीम ने उनका निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया हैं और इस दिशा में कार्यवाही जारी हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने दमोह हेल्पलाइन के साथ ही संकट के साथी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई जा रही है।

---

पुलिया डूबने दो दर्जन गांव से आना जाना हुआ बंद दोनों और फंसे रहे वाहन

# पुलों के ऊपर बह रहा पानी, आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही

दो जुलाई से लगातार बारिश का दौर जारी है जिसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है शुक्रवार की सुबह से लेकर शाम तक कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होती रही। वहीं गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात से शुरू हुई तेज बारिश के चलते कुछ मार्ग बंद हो गए जिसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ा वहीं सड़कों पर पानी ही पानी नजर आता रहा कई सड़क जलमग्न हो गई। जानकारी के मुताबिक 30 जून से लगातार बारिश हो रही है लेकिन 2 जुलाई से बारिश ने अपनी तेज रफ्तार पकड़ ली है जो अभी भी जारी है।



### तारादेही तेन्दूखेड़ा मार्ग हुआ बंद

वहीं शुक्रवार की सुबह पांच बजे तेन्दूखेड़ा तारादेही मार्ग पूरी तरह से दोपहर तीन बजे तक बंद हो गया इस मार्ग पर तारादेही और जेतगढ के समीप पड़ने वाली किचऊ की पुलिस डूब जाने से दोनों और वाहनों की लाइन लग गई पुलिया पर सुबह दस बजे तक 5 फुट से अधिक पानी होने के चलते मार्ग पूरी तरह बंद रहा इस मार्ग से तेन्दूखेड़ा जबलपुर देवरी महाराजपुर तारादेही समनापुर पौड़ी चंदना सागर सारसबगली खमतरा शिवलाल खमरिया सर्रा झमरा कोटखेड़ा बम्हौरी सहित दर्जनों गांव और सागर नरसिंहपुर भोपाल तक जाना होता है लेकिन पुलिया पर दोपहर तीन बजे तक पानी होने से पूरा मार्ग बंद हो गया कई राहगीरों को वापस अपने घर या फिर अन्य मार्गों से अपने स्थानों की और रवाना होना पड़ा वहीं पुल के आसपास पुलिस प्रशासन का कोई भी अधिकारी कर्मचारी नजर नहीं है जबकि बुधवार की रात झापन लकलका के कुड़ी नाले पर पानी होने के दौरान बस चालक द्वारा बस को निकालने का प्रयास किया गया था इस दौरान यात्रियों की जान जोखिम में डाल दी थी जहां भी शासन प्रशासन का कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं था।

# अवैध विस्थापन को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**दमोह।** स्थानीय जिला कलेक्ट्रेट में वन अधिकार कानून के लंबित दावों के निराकरण एवं जिले में वन विभाग व्दारा जारी अवैध विस्थापन के मुद्दे को लेकर जनजातीय कार्य विभाग जिला दमोह द्वारा एक बैठक का आयोजन



किया गया। बैठक में वन मंडल अधिकारी नौरादेही अभ्यारण सागर, वन मंडल अधिकारी सामान्य वन मंडल दमोह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जन जातीय विभाग संयोजक, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह के भाई सतेन्द्र सिंह ने बतौर प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर एवं बबीता पोर्ते, जन संगठन एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ,अयोध्या प्रसाद, भूपेंद्र सिंह, बलराम, मानव जीवन विकास समिति से घनश्याम प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र दुबे, जयस से श्रीकांत पोर्ते, मान सिंह यादव सहित जिला दमोह के विभिन्न ब्लाकों के अनेक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में वन अधिकार कानून के क्रिया्न्वयन की स्थिति, नौरादेही अभ्यारण, पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जॉन , केन बेतवा लिंक के परियोजना, वन अधिकार समिति एवं उप खण्ड स्तरीय समितियों को प्रशिक्षण देकर उनका सशक्तिकरण करने सहित अनेक मुद्दों पर विस्तार से आपसी विमर्श हुआ । बैठक के अंत में तय हुआ कि क्योंकि बैठक में कलेक्टर साहब एवं अनेक एसडीएम नहीं आ पाए हैं। इसलिए बैठक को पुनः रखा जाना चाहिए। बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन के साथ इन मुद्दों पर आपसी समन्वयन बनाकर काम करने की सहमति व्यक्त की।

# जनसंख्या नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में दी जानकारी




**दमोह।** विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई 2025 सामु स्वास्थ्य केंद्र पटेरा जिला दमोह (म.प्र.) में जिला स्तर में आयोजित परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान दिये गए निर्देशानुसार मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. आर. बागरी के मार्गदर्शन में उपस्थित जन सामुदाय,स्टॉफ को जनसंख्या नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत स्थाई /अस्थाई साधनों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई! ग्राम स्तर पर जागरूकता रैली संबाद करने हेतु आशा कार्यकर्ताओं को अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करने हेतु निर्देशित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इस अवसर पर महिला नसबंदी का शुभारम्भ किया गया बरसात होने पर भी डॉ. गुलाब तिवारी सर्जन द्वारा महिला नसबंदी के सफल आपरेशन किये गए इस अवसर पर बी. ई.ई. प्रमोद तंतुवाय, बी. सी. एम. ममता गुप्ता, डीईओ रमा शंकर प्रजापति, नर्सिंग ऑफिसर -ज्योति साहु, लक्ष्मी विश्वकर्मा, नंदनी बेलवंसी, रामकिशन, रेखा अहिरवार,शबाना खान, नंदकिशोर साहू, देवेश कुशवाहा, एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# बालिका छात्रावास में हुआ दुर्गा चालीसा पाठ



**झलौन।** परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज जी के दिशानिर्देश में पूरे भारतवर्ष में अपितु विदेश में भी गुरु पूर्णिमा पावन पर्व पर मां के भक्तों के घरों में आरती, चालीसा पाठ क्रमों का आयोजन हुआ । इसी तारतम्य में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तेंदूखेड़ा के अंतर्गत हिनौती बालिका छात्रावास में दुर्गा पाठ आयोजन हुआ एवं बारी बाई ठाकुर छात्रावास अधीक्षक ने इस प्रकार के आयोजन समय समय पर मेरी छात्रावास में करवाती रहूंगी ताकि बच्चियों में आध्यात्मिक संस्कारों की प्राप्ति हो। ओर पूरे ब्लॉक में टीम 61 प्रमुखों के माध्यम से 24घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ 10, पांच घंटे के 39 एवं 164 आरतियां के साथ कुल 213 क्रमों के साथ जनजागरण कर समाज को नशे मांस से मुक्त होकर चरित्रवानों का जीवन जीते हुए समाज कल्याण के लिए प्रेरित किया। संगठन के उद्देश्यों को जन-जन की बीच रखा धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा मानवता की सेवा के लिए संगठन की विचारधारा समाज को नई दिशा देने के लिए संगठन संकल्पित है एवं भय,भूख,भ्रष्टाचार के खिलाफ संगठन मुखर होकर आवाज उठाता है इसी मौके पर भगवती मानव कल्याण संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह अपनी संगठन के टीम प्रमुखो, सेक्टर प्रभारियों ,पदाधिकारीयो, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया कि जो आपने आज दिन भर सतत अपने प्रयासों से जन-जन तक संगठन की विचार धारा पहुंचने का कार्य किया।

# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**पथरिया।** शासकीय कार्यालयों में चल रही भर्राशाही के चलते मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा जिसमें बिजली की अघोषित कटौती व मनमाने बिलों, तहसील कार्यालय नवीन जगह बोतराई रोड पर ना करने, गौशालाओं व तहसील कार्यालय में वर्षो से पदस्थ बाबूओं को हटाने की बात कही गई। इस अवसर पर रामरतन यादव राष्ट्रीय संयोजक, श्रीमती सरला पंडित प्रदेश अध्यक्ष, धीरज अहिरवार प्रवक्ता, एडवोकेट धर्म सींग चुनाव संचालन समिति अध्यक्ष, छोटेलाल अहिरवार, बृजेश पाण्डे, लखन लाल की उपस्थिति रही।

# थाना प्रभारी को घोड़े पर बैठाकर दी विदाई, भावुक हुए ग्रामवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा/तारादेही

दमोह पुलिस अधीक्षक व पुलिस प्रशासन द्वारा जिलेभर में थाना प्रभारियों की अदला बदली की गई है जिसमें तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित का स्थानांतरण सिंग्रामपुर थाने में किया गया है थाना प्रभारी के अचानक स्थानांतरण की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को लगी तो आश्चर्य हुआ लेकिन थाना प्रभारी ने इसे महज एक विभागीय प्रक्रिया बताया जिसके बाद बुधवार को तारादेही ग्राम वासी सहित आसपास ग्रामीण थाने पर इकट्ठा हो गए और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। दरअसल तारादेही थाना प्रभारी की विदाई कार्यक्रम की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है. इसमें तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित को तारादेही व आसपास के ग्रामीणों ने दूल्हे की तरह सम्मान के साथ घोड़े पर बैठाकर पूरे गांव में भ्रमण कराया। इसके बाद गांव की टोली ने घोड़े पर सवार थाना प्रभारी को घर घर ले जाकर उनका स्वागत कराते हुए तिलक, फूल, मालाओं के साथ साथ मीठा खिलाकर अपने क्षेत्र से विदाई दी। इस दौरान कुछ लोगों की आंखे भी नम होती दिखाई दी साथ ही ग्रामवासियों सहित अन्य ग्रामों के लोगों ने थाना प्रभारी राजीव पुरोहित के अच्छे कार्यों की सराहना की। दरअसल इस विदाई समारोह के दौरान गांव के हर व्यक्ति के चेहरे पर एक अलग ही मासूमियत देखने को मिली। जैसे ही गांव वालों को थाना प्रभारी के विदाई की बात पता चली तो तमाम लोग थाने में एक एक कर जमा होने लगे। इन्हीं में से कुछ लोगों ने ढोल-नगाड़े के साथ साथ एक घोड़े का इंतजाम करते हुए थानेदार को उस पर घोड़े पर बैठाया और आगे आगे ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते थिरके गांव वालों ने रंगीले अंदाज में थाना प्रभारी को विदाई दी। इस दौरान तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर शिवलाल खमरिया सरपंच देशराज सिंह लोधी तारादेही सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जैन मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी शिक्षक विजय ठाकुर गुड्डा मासाब शैलेन्द्र चंदेल सचिन जैन सहित तारादेही ग्रामवासियों सहित आसपास के ग्रामों के लोग विदाई समारोह में मौजूद थे।

# श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विरागोंदय तीर्थक्षेत्र धर्मधाम कमल मंदिर में आठ दिवसीय अष्टानिका पर्व के तहत आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ की पूजा का समापन 11 जुलाई को हुआ। मीडिया प्रभारी अजय सराफ ने बताया की विधान मंडल के समापन पर पाण्डुशिला में आज 23 वे तीर्थंकर भगवान पार्श्व नाथ को विराजमन कर स्वर्ण कलशों से अभिषेक एवं शांतिधारा कर नित्य नियम पूजा की गई। आज की वृहद सुख शांति प्रदाता शांति धारा करने का सौभाग्य नरेशचंद्र जी जैन, उमेश जैन भिंड,रमेश जैन भिंड परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान के 1008 सहस्त्र नाम की वृहद शांति धर्म विधानाचार्य अभिषेक भैया पवई द्वारा मंत्रोचार के साथ की गई। इसके बाद सम्पूर्ण विश्व में शांति सौहार्द शांति बने रहे इसलिए विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन किया गया था जिसमे चौबीस तीर्थंकर कुंड, गौतम गणधर कुंड एवं पंच परमेष्ठी कुंड बनाए गए। हवन कुंडो में अग्नि प्रज्वलित कर ऋषि मंडल, पंच परमेष्ठी, चौबीस तीर्थंकर, विदेह क्षेत्र के बीस तीर्थंकर, चौसठ ऋद्धि मंत्रो की आहुतियां दी गई। हवन कुंड में घी, धूप, कपूर, समिधा, गोला आदि डालकर आहुतियां दी गई। हवन कुंड से निकली सुगंध से कमल मंदिर का संपूर्ण जिनालय भक्ति भाव से महक उठा। अंत में कमेटी कार्यकारणी सदस्यों नरेंद्र जैन गुड़ वाला परिवार भिंड द्वारा विधानाचार्य अभिषेक भैया जी का पूरे भक्ति भाव से आदर पूर्वक सम्मान किया। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी मुनिराज को शास्त्र भेंट सतीश मेडिकल को सौभाग्य प्राप्त किया।

---

गुरु पूर्णिमा पर जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने किया आचार्यों का सम्मान

# शिक्षा के साथ संस्कार जहां मिलते हैं वह है सरस्वती विद्यालय - थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सरस्वती विद्यालय जबेरा के आचार्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा माता सरस्वती जी का पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उसके पश्चात थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान द्वारा विद्यालयों के समस्त आचार्यों का श्रीफल एवं स्कूली वेष से सम्मान करते हुए गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने कहा कि मैं भी सरस्वती विद्यालय का छात्र रहा हूं और मैंने अपनी नवमी से 12 वीं तक की शिक्षा सरस्वती विद्यालय में गढा फाटक जबलपुर से प्राप्त की और उसे समय आचार्यों की ड्रेस सफेद धोती लाल पट्टी हुआ करती थी जो हमें चरित्रवान और संस्कारवान होने की प्रेरणा देती थी। मैंने हमेशा अपने आचार्यों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और दिशा निर्देशों पर चलने का प्रयास किया जो मेरे व्यक्तित्व और आचरण को बनाने में उपयोगी साबित हुआ। थाना प्रभारी ने कहा कि सरस्वती विद्यालय की खास बात यह है कि हम शिक्षा कहीं भी किसी भी विद्यालय और किसी भी माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं लेकिन सरस्वती जी की मूल चीज जो है वह है संस्कार और शिक्षा के साथ संस्कार सरस्वती विद्यालय में ही दिये जाते है। उन्होंने कहा कि सरस्वती विद्यालय में एक व्यक्ति व्यक्तित्व के निर्माण से लेकर सुबह से शाम तक कि दिन चर्या के नियम सिखायें जातें हैं जो हमें अपने घर में भी शायद सीखने को ना मिले और आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिन्होंने मुझे शिक्षा दी और यहां उपस्थित सभी आचार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं देता हूं। वही सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने थाना प्रभारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विगत वर्षों से जबेरा पुलिस द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आचार्यों का सम्मान किया जा रहा है और आज थाना प्रभारी श्री चौहान जी द्वारा सभी आचार्यों का सम्मान किया गया जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। इससे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि जीवन में हम कितने ही कामयाब हो जाए किन्तु गुरुओं के प्रति सम्मान हमेशा बनाए रखें तभी वह कामयाबी सार्थक है। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर गणेश दुबे,विद्यालय समिति अध्यक्ष रविशंकर वाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई,पत्रकार नारायण शर्मा, विनोद मलैया,प्रदीप मलैया, प्रधानाचार्य टेक सिंह ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# वर्षावास कलश स्थापना का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

सकल तारण तरण दिगम्बर जैन समाज को इस वर्ष बाल ब्रम्ह. बसंत जी महाराज के वर्षावास का पावन अवसर प्राप्त हुआ हैं। इस अवसर पर श्री जिनवाणी जी अस्थाप एवं कलश स्थापना का कार्यक्रम श्री तारण भवन में आयोजित किया गया। जिसमे सम्पूर्ण नगर में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई,जिसमे सबसे आगे बाल ब्रम्ह.बसंत जी महाराज एवं साधक संघ के सानिध्य में निकाली गई। इस अवसर पर पुरूष सफेद और केसरिया वस्त्र पहिनकर और तारण स्वामी की जय के जयकारे और भी धार्मिक जयकारे लगाते हुये एवं महिलाएं एवं बालिका मण्डल ने अपने तय वेशभूषा में कार्यक्रम में एक सुंदर प्रतिकृति दर्शाई। मंदिर जी मे वर्षावास के अवसर पर बालिकाओं द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया,जो गुरुदेव बसंत जी को समर्पित रहा। ततपश्चात तारण भवन पहुँचकर बाल ब्रम्ह.बसंत जी के सानिध्य में श्री श्रावकाचार ग्रंथादिराज का अस्थाप हुआ,सकल समाज के बंधुओ द्वारा श्री जिनवाणी जी का अस्थाप और



कलश स्थापना की गई। गायक श्री रूपेश जैन भोपाल द्वारा साज-बाज से अभूतपूर्व दान प्रभावना कराई गई,जिसमे गुरु भक्तों ने बढ़-चढ़कर दान प्रभावना की गई। इस अवसर पर अमरवाड़ा, दमोह, तेजगढ़, तारादेही, समनापुर सहित विभिन्न स्थानों से तारण तरण समाज के आत्मीय जनों ने पहुँचकर महाराज श्री को श्रीफल भेंट किया और सहभागिता निभाई। तारण समाज के अध्यक्ष सेठ संजय जैन ने बताया कि- तेन्दूखेड़ा तारण तरण दिगम्बर जैन समाज को इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्ह.बसंत महाराज श्री का मङ्गलमय वर्षावास पहली बार प्राप्त हुआ है,इस अवसर पर संगीतमय मंदिर विधि,आरती चंदन एवं प्रसाद का क्रम चला,साथ ही 16 वी शताब्दी के महान संत तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज के पथानुगामी वर्तमान में तारण पंथ को जन-जन तक पहुँचाने वाले इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्ह.बसंत महाराज के वर्षावास की कलश स्थापना दान प्रभावना के साथ की गई।

### खबर संक्षेप

#### जहरीले जंतु के काटने किशोरी की मौत

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया के आश्रित ग्राम नन्ही देवरी में शुक्रवार की रात घर में सो रही 7 वर्षीय किशोरी को जहरीले जंतु के काट लेने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी तनु पिता उत्तम गौड़ उम्र 7 वर्ष को घर में सोते समय जहरीले जंतु जे काट लिया जब बच्ची ने आवाज दी तो परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन रास्ते में किशोरी की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया पुलिस मामले की जांच कर रही।

#### कोरता ग्राम में 4 ट्रांसफार्मर खराब

**बनवार।** जबरा विद्युत वितरण केंद्र के कोरता ग्राम में बिजली की समस्या गंभीर हो गई है। 4 ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग 1500 से 2000 की आबादी प्रभावित हो रही है। तीन फेस लाइट बंद होने से लोग दैनिक कार्यों में परेशानियों का सामना कर रहे हैं। बसंत राय ने बताया जबेरा कनिष्ठ यंत्री से इस समस्या से अवगत करवाया गया , जिन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है कनिष्ठ यंत्री एम के महतो ने बताया कि बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से समस्या उत्पन्न हुई है। इस समस्या को एक-दो दिन में हल करने का प्रयास करेंगे।

दमोह के कनिया घाट पटी में मगरमच्छ का कहर: ग्रामीणों ने दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे अभाना चौराहे पर किया जाम

# नदी में नहाने गई महिला को घाट से नदी में खींच ले गया मगरमच्छ, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/बनवार





जिले की ब्यारमा नदी में एक बार फिर मगरमच्छ का कहर देखने को मिला है। जहा नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कनिया घाट पर नहाने गई एक महिला पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान मालती पति मेघराज सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक मालती शुक्रवार की सुबह 6 बजे नदी में नहाने गई थी तभी घाट पर मगरमच्छ ने उसे पानी में खींच लिया। दूसरी महिला ने यह खौफनाक मंजर देखा और शोर मचाया, जिसके बाद गांव के लोग इकट्ठा हो गए। बीच नदी में जबड़े में महिला को भरे मगरमच्छ दिखाई दिया तो ग्रामीणों ने नदी के दोनों तटों पर खड़े होकर पत्थर मारकर मगरमच्छ को भगाया और मगरमच्छ महिला को छोड़कर नदी में डूब गया , लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। महिला की मौत हो चुकी थी और उसका शव करीब 7:30 बजे नदी के उस पर कुछ दूरी पर तैरता हुई दिखाई दिया जिसको ग्रामीणों ने ट्यूब की मदद से बहार निकाला। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। बात दें कि ब्यारमा नदी में मगरमच्छों का आतंक कोई नई बात नहीं है। पिछले साल घटनास्थल से करीब 1 किलोमीटर दूर कनिया घाट पटी ग्राम पंचायत के गांव हटरी में भी एक 11 साल के बच्चे कृष्णा की जान मगरमच्छ के हमले में चली गई थी। गूढ़ा इलाके में इस नदी में 50 से ज्यादा मगरमच्छ होने की बात ग्रामीण बता रहें वारिश में जब नदी का जलस्तर बढ़ता है। तटीय गांवों में मगरमच्छ का खतरा बढ़ जाता है जिससे पूरी वारिश में दहशत का माहौल बना रहता है। गुस्साए ग्रामीणों ने इस घटना के बाद दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे और दमोह-तेंदूखेड़ा मार्ग के अभाना तिराहे पर 1 घंटे से ज्यादा समय तक चक्का जाम कर दिया। मृतक महिला के देवर राजेश सिंह लोधी सहित स्थानीय लोगों की मांग है कि वन विभाग केवल रेस्क्यू तक सीमित न रहे, बल्कि कनिया घाट पटी से गूढा तक व्यारमा नदी 50 की संख्या में मौजूद मगरमच्छों को स्थायी रूप से पकडकर संरक्षित क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाए, ताकि मगरमच्छों के बढ़ते आतंक से लोगों की जान को खतरा ना रहे। आशुतोष गुप्ता नायब तहसीलदार अभाना का कहना है कनिया घाट पटी मगरमच्छ के हमले में एक महिला की मौत हो गई थी जिससे गुस्साए ग्रामीणों के द्वारा अभाना चौराहे पर चक्का जाम किया गया था। ग्रामीणों की मांग थीं नदी से मगरमच्छों को पकड़कर किसी अन्यत्र सुरक्षित जगह पर छोड़ जाए। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग की टीम के द्वारा मगरमच्छों की रेस्क्यू करने की बात पर ग्रामीण मान गए हैं और चक्का जाम हटा दिया है। देवी सिंह राजपूत एसडीओपी तेंदूखेड़ा का कहना है आज सुबह कनिया घाट पटी में मगरमच्छ के हमले से एक महिला की मौत हो गई थी। घटना से गुस्साए लोगों के द्वारा कुछ समय के लिए अभाना चौराहे पर चक्का जाम किया गया था। ग्रामीणों की मांगो का मौके पर पहुंचे तहसीलदार और वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा निराकरण करने का आश्वासन देने के बाद जाम खुल गया है। बता दें प्रशासन के द्वारा मृतक महिला के परिजनों को मुआवजा राशि की घोषणा भी की है।

## 8 लाख रूपये स्वीकृति आदेश पारित

**दमोह।** वन परिक्षेत्र दमोह अंतर्गत ग्राम कनियाघाट पटी तहसील दमोह ब्यारमा नदी के बड़ाघाट/सामूघाट में वन्यप्राणी मगरमच्छ द्वारा मालती बाई को जबड़े में पकड़ कर ले जाने से ग्राम जरूवा में नदी किनारे मालती बाई मृत अवस्था में पाई गई । प्रकरण में वन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुये मृत महिला के पति आवेदक मेघराज सींग लोधी को राज्य शासन के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति जनहानि के तहत राशि 8 लाख रूपये स्वीकृति आदेश पारित किया गया है, भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे के मार्गदर्शन में जॉच अधिकारी उप वनमंडल अधिकारी दमोह श्री एमडी मानिकपुरी, विक्रम चौधरी वन परिक्षेत्र अधिकारी दमोह एवं प्रेमलाल अहिरवार उ.व.क्षे. प0स0 दमोह पूर्व एवं अन्य वन स्टॉफ के द्वारा प्रकरण की जॉच मौका स्थल पर जाकर की गई। प्रकरण में पुलिस थाना नोहटा में प्राथमिक सूचना दर्ज कराई गई। उक्त घटना का पंचनामा एवं ग्राम पंचायत कनियाघाट पटी सरपंच द्वारा उक्त घटना के संबंध में प्रमाण पत्र तैयार गया।

# तेज बहाव में बहे बुजुर्ग का तीन दिन बाद मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

बीते तीन दिन पहले अपनी भैंसों को लेकर चराने के लिए नाले के पास गए चरवाहे की पानी के तेज बहाव में बह जाने का घटनाक्रम सामने आया है जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने तीन दिन की खोजबीन के बाद आज शव को नदी से बरामद किया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पूरे मामले के संबंध में मिली जानकारी तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौंकी के अंतर्गत आने वाले देवडोंगरा गांव निवासी कनई पिता धनसीग यादव उम्र 60 वर्ष बुधवार को अपनी भैंसों को लेकर घास चराने के नदी किनारे गया था लेकिन तेज बहाव में वह बह गया जिसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना इमलिया तेजगढ़ पुलिस और एसडीआरएफ टीम को दी गई। दमोह से पहुंची एसडीआरएफ टीम ने लगाकर वृद्ध की खोजबीन की जिसके बाद 25 किमी दूर व्यारमा नदी में सर्चिंग की गई जहां शुक्रवार को दोपहर में वृद्ध का शव झाड़ियों में फंसा मिला है जिसे बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इमलिया चौंकी प्रभारी अक्षेंद्रनाथ ने बताया कि ग्राम देवडोगरा निवासी कनई यादव बुधवार को अपनी भैंसों को चराने पहरेवा नाले की और गया था। इस दौरान वह नाले में उतरा और तेज बहाव में बह गया मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की सूचना परिजनों को दी गई जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## खेत तालाब का किया अवलोकन

**दमोह।** संभागायुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी ने आज अपराह ग्राम इटवा पहुंचकर खेत तालाब योजना के तहत नवनिर्मित तालाब का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे खास तौर पर मौजूद रहे। संभागायुक्त सागर संभाग श्री सुचारी ने किसान लखन सिंह से चर्चा करते हुये की गई खेती के संबंध में जानकारी ली। किसान श्री लखन सिंह ने बताया कि उनके द्वारा दो फसल ली जाती हैं अब तालाब बन जाने से पानी की अच्छी व्यवस्था हो गई है, अब तीन फैसल लेंगे । किसान लखन सिंह ने खेत में तालाब बन जाने से प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर एसडीएम दमोह आर एल बागरी, सीईओ जनपद पंचायत हलधर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे स्मृति में 131वॉं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**दमोह।** मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे स्मृति में 131वॉं गुरु पूर्णिमा महोत्सव हो रहा है और यहाँ गुरु शिष्य की परंपरा चली आ रही है, पहले यहाँ पर बहुत बड़ा अखाड़ा था जिसमें तबला वादन, हर्मोनियम वादन और बाकी सारे शास्त्रीय संगीत यहाँ पर सिखाए जाते थे और पूरे प्रदेश से पूरे जिले से लोग आते थे और यहाँ पर सीखते थे और परन्तु उनकी एक आवश्यकता रहती थी कि गुरु पूर्णिमा के दिन जरूर आना होगा तो गुरु पूर्णिमा के दिन सारे लोग आते थे और आज तो सारे रास्ते बन गए है, उस समय नदी, नाले होते तो उनको तैरकर के लोग अपने गुरु के यहाँ जरूर आते थे और मैं बहुत बचपन से यहाँ आ रहा हूॅ। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्रप्रभार) लखन पटेल जिले के ग्राम बकायन में मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे स्मृति में 131वॉं गुरु




पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भाव सींग लोधी सहित जनप्रतिनिधियों एवं कलाकारों का सम्मान किया गया। गुरू पूर्णिमा संगीत समारोह के दौरान प्रातः कालीन सभा में ग्राम बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगण द्वारा प्राचीन परम्परागत बंदिश गायन, श्री यक्षगोपाल एवं उत्सव गोपाल सागर द्वारा युगल गायन, प्रियंवदा सिंह एवं साथी द्वारा युगल कथक, श्री ऋषिशंकर एवं सुश्री महिमा उपाध्याय दिल्ली द्वारा पखावज जुगलबंदी कार्यक्रम तथा सायं कालीन सभा में ग्राम बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगण द्वारा प्राचीन परम्परागत बंदिश गायन, सुश्री सरिता कालेले मुम्बई द्वारा कथक युगल, सुश्री चिन्मयी आठले ओक दिल्ली द्वारा गायन, सुश्री मेघरंजनी गोवाहाटी द्वारा कथक एकल तथा श्री ओंकार दादरकर कोलकाता द्वारा गायन की प्रस्तुति दी गई। श्री रामेन्द्र सिंह सोलंकी, दीपक दास महंत तबला, पण्डित देवेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र शर्मा, दीपक खसरवाल हारमोनियम, फारुख लतीफ खाँ सारंगी संगतकार रहे । कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची एवं साक्षी वैशंपायन जबलपुर ने किया।

## दो वाहनो पर 25 हजार रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ड्रिंक एण्ड ड्राईव में जब्त दो वाहन पर माननीय न्यायालय द्वारा 25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी जिला दमोह के निर्देशन एवं श्री सुजीत भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चैकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षक दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा थाना स्टाफ के साथ वाहन चैकिंग के दौरान माल वाहक, भारी वाहनों एवं यात्री वाहनों की सघन चैकिंग के दौरान दस्तावेजों की जांच कर वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाईजर के माध्यम से चैकिंग की जा रही है। ब्रीथ एनालाईजर से चैकिंग के दौरान कंटेनर क्रमांक ML 01 Q 1025 एवं मोटर साइकिल क्रमांक MP34MF7987 का चालक ड्रिंक एण्ड ड्राइव करते हुये पाये जाने पर पूर्व में जप्त किया गया था जिसका प्रकरण आज माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय द्वारा क्रमशः 15,000/- एवं 10,000/- कुल 25,000 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

## जनपद सदस्य गैसाबाद हेतु अभ्यर्थियों को प्रतीक आवंटन

**दमोह।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध हेतु) हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त पद हेतु प्राप्त हुए 06 नामांकनों में से आज नाम वापसी के आखिरी दिन अभ्यर्थी चन्द्रबती/शारदा प्रसाद द्वारा नामांकन वापस लेने के उपरांत शेष बचे सभी 05 अभ्यर्थियों को उनके प्रतीक चिन्ह आवंटित किए गए। रिटर्निंग अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने बताया कि राज्य निर्वाचन के नियमानुसार अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में दीनदयाल पटेल को ब्लैक बोर्ड, कृपाल अहिरवार को बरगद का पेड़, निशा कुर्मी को झोपड़ी, संतोष पटेल पिता धनीराम पटेल को ट्रैक्टर चलाता किसान, वीरेंद्र उपाध्याय (महराज) को तराजू प्रतीक चिन्ह प्रेक्षक अशोक व्यास की उपस्थिति में आवंटित किए गए।

## 25 दिन बाद भी नहीं हो सकी अनियमितताओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

ग्राम पंचायत खमरगौर में व्याप्त अनियमिकताओं की शिकायत पंचायत में ही पदस्य सचिव अनिरुद्ध सिंह राजपूत द्वारा 16 जून 2025 को एक लिखित शिकायत अपर सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल, कमिश्नर सागर, कलेक्टर महोदय दमोह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह एवं जनपद सीईओ हटा, के समक्ष प्रस्तुत की गई थी जिसमें पांच बिंदुओं को लेकर भ्रष्टाचार एवं अनियमिताओं का उल्लेख किया गया था ग्रेबिइंन कुडरी हार के नाले पर निर्माण कार्य राशि 16 लाख रुपए, खेत सड़क निर्माण शांति धाम से धौरा घाट की ओर स्वीकृत राशि 15 लाख रुपए, खकरी निर्माण कार्य दो भागों में उक्त दो भागों की स्वीकृत राशि 30 लख रुपए, सचिव अनिरुद्ध सिंह द्वारा उक्त निर्माण कार्यों में रोजगार सचिव योगेश दीक्षित द्वारा अनियमिताएं किए जाने की शिकायत की गई थी उक्त शिकायती पत्र में महत्वपूर्ण बिंदु यह था कि मृत महिला राधा पति खुंशी कोरी जॉब कार्ड क्रमांक 974 जिसकी मृत्यु दिनांक 19/ 8 / 2022 को हो चुकी है लेकिन रोजगार सहायक द्वारा दिनांक 31/ 8/ 2024 से दिनांक 6/ 9 /2024 तक अर्थात 6 दिवस कार्य मास्टर रोल नंबर5690 पर कुल राशि 2430 रुपए भारतीय स्टेट बैंक हिनौता के खाता में किया गया जिसके संपूर्ण दस्तावेज शिकायतकर्ता सचिव अनिरुद्ध सिंह द्वारा शिकायती पत्र में संकलन किए गए, शिकायतकर्ता सचिव अनिरुद्ध सिंह ने हरिभूमि को अपना शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मैने दिनांक 16 जून 2025 को ग्राम पंचायत खबरगौर में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी लेकिन 25 दिन का समय बीत जाने के बाद भी मेरी शिकायत पर कोई कार्यवाही एवं जांच इंक्वारी नहीं की गई प्रार्थी ने उच्च अधिकारियों से शिकायत पर शीघ्र जांच इंक्वारी किए जाने एवं भ्रष्टाचार की जांच किए जाने की मांग की है।

#### इनका कहना है

राजेश पाराशर पंचायत इंस्पेक्टर जनपद पंचायत हटा का कहना है कि उक्त प्रकरण की जांच करने तीन सदस्यसी जांच दल का गठन किया गया है शीघ्र ही हम लोग ग्राम पंचायत खमरगौर पहुंच कर मामले की जांच करेंगे।

वसुंधरा नगर में सिद्धचक्र विधान का विश्व शांति महायज्ञ के साथ हुआ समापन, वीर शासन जयंती मनाई

# धूमधाम से निकाली श्री जी की भव्य शोभायात्रा











हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वसुंधरा नगर जैन में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का विश्व शांति महायज्ञ के साथ भव्य समापन हुआ। युगल प्रतिष्ठाचार्य विद्वान डॉ प आशीष जी, अभिषेक जी जैन दमोह के निर्देशन में यह पूरा कार्यक्रम विधि विधान के साथ निर्विघ्न, सम्पन्न हुआ। सुबह अभिषेक शांतिधारा सरस्वती पूजन के पश्चात विश्व शांति महायज्ञ में सभी लोगों ने हवन करते हुए आहुतियां दी। इस अवसर पर प अभिषेक जी ने कहा कि आज वीर शासन जयंती है। 66 दिन बाद आज के ही दिन भगवान की दिव्य ध्वनि खीरी थी। प्रथम उपदेश से वीर शासन की शुरुवात हुई थी। हम सभी आज वर्तमान शासन नायक महावीर स्वामी के शासनकाल में जीवन जी रहें है। हवन के पश्चात श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वीर शासन जयंती पर वीर प्रभु को पालकी में विराजमान कर भव्य शोभयात्रा मंदिर जी से शुरू की गई जो एलोरा कालोनी होती हुई मंदिर की पूरी परिक्रमा की गई। इस दौरान डीजे पर युवा महिलाएं एवं पुरुष नृत्य करते हुए, पाठशाला के बच्चों के दिव्य घोष के साथ चल रहे थे। श्री जी के जयकारों की गूंज से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। घर घर वीर प्रभु की पलक पांवड़े बिछा कर स्वागत कर आरती की गई। द्वार द्वार रंगोली सजाई गई। मंदिर जी में जुलूस का समापन हुआ। वसुंधरा नगर मंदिर कमेटी ने युगल प्रतिष्ठाचार्य विद्वान डॉ आशीष जैन, अभिषेक जैन का सम्मान किया। वसुंधरा मंदिर कमेटी ने विधान आयोजन समिति, सभी कार्यकर्ताओं, महिला मंडल, युवा मंडल सहित समस्त समाज का आभार माना।

## चोरी एवं नकाबजनी की घटनाओं का खुलासा



**दमोह।** देहात थाना पुलिस ने चोर गिरोह को पकड़कर कुल 13 चोरी एवं नकबजनी की घटना का खुलासा किया है। इनमें दमोह देहात, कोतवाली, पथरिया, चौकी बांदकपुर, जिला सागर एवं टीकमगढ़ के प्रकरणों में कुल 08 मोटसाईकिल, एक सोने चांदी के जेवरात एक एलईडी कुल मशरूका करीबन 8.5 लाख रूपये का जप्त किया गया है। जिले में घटित चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास को सुदृढ बनाये रखने के संबंध श्रुतकीर्ती सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह, सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं श्री एच.आर. पांडे नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में याना दमोह देहात अंतर्गत घटित चोरी की घटनाओं का प्रभावी कार्यवाही हेतु निरीक्षक रचना मिश्रा, थाना प्रभारी दमोह देहात द्वारा टीम गवित कर मुखबिर तंत्र की सूचना एवं सायबर तथा अन्य साक्ष्य संकलित कर चोरी संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेकर मोटरसाईकिल गिरोह को पकड़ा गया जिनसे हिकमत-अमली से पूँछताछ करने पर थाना दमोह देहात की नकबजनी एवं चोरी की घटनाओं के साथ-साथ याना कोतवाली के मंदिर चोरी, पयरिया एवं जिला सागर की मिलाकर कुल 13 चोरी एवं बकबजनी का खुलासा कर कुल 07 आरोपियों एवं 01 विधिविरूद्ध बालक को गिरफ्तार /अभिरक्षा करने में सफलता प्राप्त कर आरोपियों को मानबीय न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में रानू पटेल पिता हल्काई पटेल उम्र 20 साल निवासी खजांची की बहर किशनगंज, बलजीत उर्फ बाली पटेल पिता जगमोहन पटेल उस 24 साल निवासी ककरी वार्ड नंबर 14 थाना रहली जिला सागर, दीपक उर्फ टिप्पू बंसल उम्र 35 साल निवासी पथरिया। साहिल पिता सलीम खान उस 20 साल निवासी केरबना बटियागढ, निशांत पिता कृष्णकांत पटैल उस 20 निवासी रहली जिला सागर, विकास पिता मोहन यादव उस 23 साल निवासी रहली जिला सागर, जयराम पिता संतोष पटेल काछी उम्र 43 साल निवासी खजांची की बहर किशनगंज एक अन्य नाबालिग आरोपी को पकड़ा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक रचना मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात, निरी. सुधीर बेगी थाना प्रभारी पथरिया सउनि अकरम, प्रधान आरक्षक आलोक भारद्वाज, प्र.आर. मुकेश दुबे, प्र.आर. डेलन, प्रआर भानू, प्र.आर. राकेश मिश्रा, प्र.आर. लखन, आर. देवेन्द्र, आरक्षक प्रतापभानू, शुभम, जितेन्द्र, कुलदीप आर. ब्रजबिहारी, आर. दीपक थाना दमोह देहात, आर. मयंक दुबे सायबर सेल का सराहनीय योगदान रहा।

## अवैध शराब की तस्करी करते हुये दो गिरफ्तार

**दमोह।** थाना हिण्डोरिया पुलिस ने अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दि. 11/07/205 को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही हेतु श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह एवं रघु केसरी एसडीओपी पथरिया के मार्गदर्शन में थाना हिण्डोरिया टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी झामसिह उर्फ छोटू पिता भरत सिंह लोधी 26 साल निवासी वार्ड 04 हिण्डोरिया, दिलीप पिता सीताराम चक्रवर्ती उम्र 26 निवासी वार्ड क्रं. 02 हिण्डोरिया से दो बडे थैलो में भरे 396 पाव देशी लाल मसाला शराब कीमत लगभग 39,600 रूपये एवं एक बिना नंबर की मोटर साईकिल कीमत लगभग 50,000 रूपये जब्त की। जप्ती कार्यवाही उपरांत आरोपियो के विरूध्द थाना हिण्डोरिया में अप.क्र. 322/2025 आब. एक्ट की सुसंगत धाराओं में पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । कार्यवाही हेतु टीम में धर्मेंद्र गुर्जर थाना प्रभारी हिण्डोरिया, प्रधान आरक्षक अविनाश, शुभनारायण यादव, राजकुमार सेन, प्रशांत, दीपचंद्र, चन्द्रकांत शामिल रहे।